गांव में चल रही थी मैक्डॉवेल के नाम पर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री, पैकिंग करते सात धंधेबाजों को किया गया गिरफ्तार

HAJIPUR : विदेशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन वैशाली पुलिस ने की है। वैशाली एस पी हरीकिशोर राय को गुप्त सूचना मिली कि वैशाली थाना क्षेत्र के फुलाढ गांव मे शराब का टेट्रा पैक का निर्माण कराया जा रहा है। एस पी के निर्देश पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंचउक्त सूचना पर छापेमारी की।

एसपी ने बताया कि छापेमारी मे फुलाढ गांव निवासी रामेश्वर पासवान के बंद घर मे सात युवक शराब पैकिंग कार्य मे लगे थे। सभी युवक मोबाइल मे गाना बजाते हुए तेजी से पैकिंग कार्य कर रहा था। यह कार्य पिछले दो दिनों से चल रहा था। शराब बनाने मे लगने वाला स्प्रीट, एसेंस, अंग्रेजी शराब का टेट्रा पैक एवं अन्य समान सारण, पटना आदि जिले से नाव के माध्यम से गंडक नदी के रास्ते यहां लाया जा रहा था। फुलाढ गांव भी गंडक नदी के किनारे बसा हुआ है।

Source: https://news4nation.com/news/a-factory-for-making-spurious-liquor-was-running-in-the-name-of-mcdowell-in-the-village-seven-businessmen-were-arrested-while-packing-242010